आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

03.08.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है।
- द्वीपों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि सचिव बी एस जगलान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया ।
- जी बी पंत अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों ने अस्पताल के कामकाज में अनुचित तरीके से राजनीतिक और मीडिया हस्तक्षेप के खिलाफ मुख्य सचिव से मुलाकात की।
- एम वी स्वराजद्वीप सात अगस्त को शाम चार बजे पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इसका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है। आज नई दिल्ली में बत्तीसवें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि दो हजार चौबीस–पच्चीस के केन्द्रीय बजट में सतत कृषि पर ध्यान दिया गया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में जलवायु अनुकूल फसलों की एक हजार नौ सौ नई किस्में उपलब्ध कराई हैं। उन्होंने कहा कि देश के कृषि क्षेत्र में डिजीटल प्रौद्योगिकी का उपयोग हो रहा है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत दस करोड़ किसानों के बैंक खातों में एक क्लिक से पैसे पहुंच जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि देश में कृषि शिक्षा के लिए पांच सौ से अधिक कॉलेज हैं और सात सौ से अधिक कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों को नई प्रौद्योगिकी के बारे में सूचनाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में नौ लाख हैक्टेयर भूमि सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत लाई गई है। खेती के लिए ड्रोन को बढ़ावा दिया जाएगा जहां ड्रोन दीदियों को ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि इन उपायों से केवल देश के किसानों को ही लाभ नहीं होगा, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। करीब पचहत्तर देशों के लगभग एक हजार प्रतिनिधि अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय है– सतत कृषि–खाद्य व्यवस्था में बदलाव। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की कृषि विकास दर विश्व में लगातार सबसे अधिक बनी हुई है। उन्होंने भुखमरी और कुपोषण को पूरी तरह समाप्त करने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और बढ़ते तापमान के कारण उत्पादन में कमी जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

<><><><><><><>

द्वीपों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि सचिव बी एस जगलान की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि निदेशक अभिषेक गुलिया, क्यारी के प्रभारी निदेशक डॉ. जय सुंदर, वैज्ञानिक पूजा बोहरा और कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश कुमार उपस्थित थे।

किसानों की आय बढ़ाने, उपज में सुधार, सभी के लिए स्वस्थ भोजन और पर्यावरण लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वीपों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है। प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विभाग द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। सभी अंचलों में किसानों के खेतों में नीमास्त्र और जीवामृत को तैयार करने पर लगभग ढाई सौ निदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि संबंधित हितधारकों के सहयोग से किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला और सेमीनार भी आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

जी बी पंत अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों ने अस्पताल के कामकाज में अनुचित तरीके से राजनीतिक और मीडिया हस्तक्षेप के खिलाफ मुख्य सचिव से मुलाकात कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। मुलाकात के दौरान डॉक्टरों के दल ने कहा कि वे अत्यंत समर्पण, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ द्वीपों की सेवा कर रहे हैं। सभी डॉक्टर योग्य और बेहद सक्षम है, जिनका चयन पारदर्शी चयन प्रकिया के जरिए किया गया है। लोगों द्वारा उनकी योग्यता और क्षमता को बार–बार चुनौती देने की घटनाएं पूरे स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बेहद निराशाजनक है। उन्होंने मुख्य सचिव से प्रशासन को उपचार प्रोटोकॉल और अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली दवाओं पर अनुचित हस्तक्षेप को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

<><><><><><>

करगिल विजय दिवस की पच्चीसवीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर स्वास्थ्य गतिविधि कार्यक्रम के एक भाग के रूप में गांधी ग्लोबल फैमिली, पोर्ट ब्लेयर संगठन के संरक्षक डॉ. रोहिन्दर लाल के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अल–रेज़ा हेल्थ केयर एंड रिसर्च फाउंडेशन करगिल और एल आई–वी के वी दिल्ली अलुमिनी एसोसिएशन के सहयोग से रोहिन्स आई हॉस्पिटल में आयोजित शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाएं और चश्मे वितरित किए गए।

<><><><><><>

मत्स्य विभाग की ओर से किसानों को मीठे पानी के मछलियों के बीजों का वितरण किया जाएगा। इच्छुक मत्स्य कृषकों को सात अगस्त दिन में ग्यारह बजे से हम्फ्रीगंज ग्राम पंचायत कार्यालय और नौ अगस्त को बिडनाबाद ग्राम पंचायत कार्यालय में बीजों का वितरण किया जाएगा। मत्स्य कृषक मौके पर एक सौ पैंतीस रूपये प्रति पैकेट का भुगतान कर बीज खरीद सकते हैं।

<><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने वर्ष दो हजार उन्नीस से अब तक कुल नौ हजार नौ सौ बाईस संदेशों को फर्जी खबर के रूप में उजागर किया गया है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी। डॉ. एल मुरुगन ने भ्रमित करने वाले समाचारों को एक सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि ऐसी फर्जी खबरों और भ्रामक सूचनाओं पर नियंत्रण होना आवश्यक है। गलत सूचनाओं के संबंध में तृणमूल कांगेस के सांसद के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत सरकार से जुड़ी कोई भी बात सही है या गलत, इस बारे में केवल सरकार ही बता सकती है। उन्होंने कहा कि तथ्यों को जांचने का संबंध भारत सरकार से है। अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और यह लोकतंत्र के लिए एक आवश्यक संपत्ति है।

<><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप सात अगस्त को शाम चार बजे पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता के लिए रवाना होगा। इस यात्रा के लिए टिकल कल से ई–टिकटिंग पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। आम जनता पांच अगस्त से स्टार्स टिकटिंग काउंटर से सुबह नौ से शाम चार बजे के बीच टिकट खरीद सकते हैं ।

<><><><><><><>

होप टाउन पंचायत की ओर से कल हार्बर जेट्टी समुद्र तट क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान ग्रामवासियों, पंचायती राज संस्थान के सदस्यों और विभिन्न विभागों के सहयोग से चलाया गया। अभियान के दौरान कुल बत्तीस कचरों के बैग एकत्र किए गए। क्षेत्र के पंचायत प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभागियों ने अपने सामूहिक प्रयासों से समुद्र तट की सुंदरता और स्वच्छता को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है और भविष्य में इस तरह के और गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत फरारगंज तहसील के अंतर्गत बम्बूफ्लाट गांव में एक हजार वर्ग मीटर सरकारी ज़मीन को खाली कराया गया। ज़िला उपायुक्त ने आम जनता से सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण न करने को कहा है। प्रशासन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ ज़ीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए कानून के तहत उन पर कड़ी कार्रवाई करेगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इक्कीस दशमलव दो मिलीमीटर, लांग आइलैंड में ग्यारह, ननकौड़ी में नौ, हटबे में पांच दशमलव आठ और कार निकोबार में चार दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>